कोटद्वार,बुधवार
10 जनवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 249 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## श्रीरामलला प्राण–प्रतिष्ठा: यूपी में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण–प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस विशिष्ट अवसर को 'राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं।

मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन–पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मकर संक्रांति के बाद प्रारंभ हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने समारोह की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद, आयुक्त सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर



आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर एक वीवीआईपी के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम के दृष्टिगत संभव है कि कुछ अतिथि एक–दो दिन पहले ही आ जाएं, ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। कुंभ की तर्ज पर अयोध्या में 25–50 एकड़ में एक भव्य टेंट सिटी तैयार कराएं। 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की 06 भाषाओं में साईनेज हों।

### नहीं खुलेंगे स्कूल–कॉलेज, न बिकेगी शराब

मुख्यमंत्री ने कहा कि आतिथ्य–सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसमें जनसहयोग लें। धर्म पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ जैसे प्रमुख मार्गों अथवा गलियों में धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह–जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। अभी 3800 से अधिक स्वच्छताकर्मी तैनात हैं, 1500 कर्मचारियों की संख्या और बढाएं। अयोध्या प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त नगर हो, इसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। 14 जनवरी से नगर में स्वच्छता विषयक विशेष अभियान चलाएं। नगर में कहीं भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्राण–प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष–उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। सभी सरकारी भवनों की साज–सज्जा कराई जाए। सायंकाल आतिशबाजी के भी प्रबंध हों।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी टेंट सिटी में 10–10 बेडेड का स्वास्थ्य केंद्र तैयार कराएं। इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक संगठन भी सहयोग के लिए उत्सुक हैं। यहां एम्बुलेंस की तैनाती हो। विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों को अयोध्या ने तैनात करें।

टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का आज मैने अवलोकन किया है। यहां अच्छी व्यवस्था है। साफ सफाई का ध्यान रखें। यहां ठहरने वालों को गर्म पानी मिले। टेंट सिटी में खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग तथा मंडी परिषद द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रैन बसेरे को और व्यवस्थित करें। कई स्थानों पर इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। धर्मनगरी में रात्रि विश्राम करने वाला एक भी व्यक्ति ठंड से ठिठुरता न मिले। राहत आयुक्त के स्तर से इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। प्राण–प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में लोगों का आगमन हो रहा है। ऐसे में लखनऊ प्रयागराज और गोरखपुर से अयोध्या मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में तैयार रखा जाए। वाहन चलते रहें, खड़े न रहें। इन मार्गों को रामायण, रामचरितमानस के श्लोकों, चौपाइयों और दोहों से आकर्षक बनाएं। विभिन्न भाषाओं में साइनेज भी लगाए जाएं।

## उद्योग एवं श्रम विभाग के अधिकारी सर्तक रहें

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को प्रेमनगर क्षेत्र में हुए क्लोरीन गैस रिसाव की घटना के प्रति अधिकारियों को इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उद्योग एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो साथ ही आवासीय स्थलों पर इस प्रकार की नुकसानदायक गैसों के भण्डारण की भी जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि हर समय सतर्कता से ही ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति को रोका जा सकता है।

## पीएम मोदी ने की तिमोर–लेस्ते, मोजाम्बिक के नेताओं से मुलाकात

**गांधीनगर ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां तिमोर–लेस्ते के राष्ट्रपति डॉ. जोस रामोस होर्ता और मोजाम्बिक गणराज्य के राष्ट्रपति फिलिप जैसिंटो न्यूसी से मुलाकात की।

दोनों नेता यहां गांधीनगर के महात्मा मंदिर परिसर में आयोजित 10वें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा पर आये हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार मोदी ने होर्ता और उनके प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### मोदी के खिलाफ मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणी से भारतीय व्यापारी खफा

## कारोबारी संबंध तोड़ने की अपील

**मालदीव, एजेंसी।** मालदीव के कुछ मंत्रियों द्वारा भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर की गई अपमानजनक टिप्पणी, अब एक बड़े विवाद में तब्दील होती जा रही है। भारत में इन टिप्पणियों पर कड़ा प्रतिरोध देखने को मिल रहा है। इस विवाद के मद्देनजर, मालदीव की अर्थव्यवस्था के संभावित नुकसान को देखते हुए मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री (एमएटीआई) ने बयान दिया है कि वह ऐसी अपमानजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। मालदीव के इतिहास में भारत हमेशा मुसीबत के समय सबसे पहले आगे आता है। दूसरी तरफ कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) भी इस विवाद में कूद गया है। मंगलवार को कैट के



पदाधिकारियों ने व्यापारियों एवं निर्यातकों से यह अपील की है कि वे मालदीव के साथ व्यापार संबंध तुरंत स्थगित करें।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपील की है कि वे मालदीव के साथ व्यापार स्थगित कर दें। विशेष तौर पर मालदीव में कुछ जिम्मेदार तत्वों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के प्रति कड़ा विरोध जताया है। मालदीव के मंत्रियों की वह टिप्पणी केवल पीएम मोदी के खिलाफ ही नहीं, बल्कि भारत के खिलाफ है। प्रधानमंत्री मोदी पर की गईं अपमानजनक टिप्पणियां, किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हैं। इसके लिए मालदीव सरकार को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

खंडेलवाल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय संबंध बनाए रखने तथा आपसी व्यापार को जारी रखने के लिए जरूरी है कि संबंधों की मर्यादा रखी जाए।

## ईडी टीमों पर हमले को लेकर गृह मंत्रालय ने अपनाया सख्त रुख, पश्चिम बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी और कार्रवाई के दौरान इसके अधिकारियों पर हमले को लेकर सियासत जारी है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों पर हुए हमलों पर पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। गृहमंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पश्चिम बंगाल सरकार से उन परिस्थितियों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने को कहा है, जिनके कारण हमले हुए उसमें ईडी अधिकारी घायल हो गए।

इतना ही नहीं, गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से केंद्रीय जांच एजेंसी टीमों पर हमलों के बाद की गई कार्रवाई का विवरण भेजने को भी कहा है।



दरअसल, बीती पांच जनवरी को ईडी पश्चिम बंगाल के राशन घोटाले में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी। पीडीएस घोटाले के मामले में जब एजेंसी उत्तर 24 परगना में टीएमसी संयोजक शाहजहां शेख के तीन परिसरों पर तलाशी ले रही थी। तलाशी के दौरान एक परिसर में सीआरपीएफ कर्मियों के साथ ईडी टीम पर 800–1000 लोगों ने हमला किया।

## सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं : धामी

### सीएम ने सचिवालय में ली राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। राज्य के सभी चिन्हित मार्गों पर क्रैश बैरियर का अवशेष कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ चारधाम यात्रा से पहले पूर्ण किया जाए। ब्लैक स्पॉट पर नियमित रूप से रोड सेफ्टी ऑडिट किया जाए। राज्य के पर्यटक स्थलों के आस-पास जहां पर वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है, उन क्षेत्रों में वाहन चालकों के लिए डोरमिट्री की व्यवस्था भी की जाए। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत बिना लाइसेंस के वाहन चलाने, नशे में वाहन चलाने वालों और यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार सख्त कारवाई की जाए।

यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन कारणों से सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, इनको रोकने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाई जाए। चिन्हित मार्गों पर क्रैश बैरियर के कार्यों की धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जन सुरक्षा से संबधित ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जनपदों में जिन स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं और वे अभी तक चिन्हित नहीं हुए हैं, सभी जिलाधिकारी जल्द ही ऐसे स्थलों को चिन्हित कर लें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक



सीएम पुष्कर सिंह धामी बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

करने के लिए लघु फिल्में बनाकर व्यापक स्तर पर प्रचार और प्रसार किया जाए। स्कूलों में भी सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता की जानकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल की जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को सड़कों के किनारे हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये। इसके लिए पुलिस, नगर निगम, एमडीडीए और जिला प्रशासन लगातार कार्यवाही करें। जनपदों में भी जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा सड़कों के किनारे लगने वाले अतिक्रमण को रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जाए। पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा यातायात प्रबंधन के लिए जो कैमरे लगाये गये हैं, उनका इंटीग्रेशन किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, रविनाथ रमन, एच.सी. सेमवाल, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बी.आर.ओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल श्री रघु श्रीनिवासन ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में बी.आर.ओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने बीआरओ द्वारा पिथौरागढ़ में बनाई जा रही बलुआकोट से तवाघाट और लिपुलेख से जोलिंगकोंग सड़क मार्ग की कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में आदि कैलास और पार्वतीकुंड आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। राज्य में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि की संभावनाओं को दृष्टिगत राज्य सरकार आगामी 50 सालों की व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बी.आर.ओ. द्वारा राज्य में किये जा रहे कार्यों में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरा सहयोग दिया जायेगा।

महानिदेशक बी.आर.ओ. रघु श्रीनिवासन ने कहा कि बीआरओ द्वारा उत्तराखण्ड में 05 एयरफील्ड गूंजी, कालसी, टनकपुर, घनसाली और नाविढ़ांग को विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि जोशीमठ से औली सड़क मार्ग जिसकी लम्बाई 13.40 कि.मी. है उसके 2.25 कि.मी. पर भारतीय सेना द्वारा रखरखाव किया जा रहा है। उन्होंने सामरिक महत्व के इस मार्ग के अवशेष भाग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य लोक निर्माण के स्थान पर बी.आर.ओ. को हस्तांतरित कर दिया जाय। इसी प्रकार जोशीमठ के बड़गांव के हनुमान शिला से औली के लिये 15 कि.मी. वैकल्पिक मार्ग के निर्माण को भी बी.आर.ओ. को सौंपा जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग दीपक कुमार यादव एवं बी.आर.ओ. के अधिकारी उपस्थित थे।

# कालीदास रोड़ स्थित गौरी शंकर मंदिर से निकली भव्य अक्षत कलश यात्रा

देहरादून।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से कालीदास रोड़ स्थित गौरी शकंर मन्दिर से मंगलवार को पवित्र अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी भी शामिल हुए। पूजन के बाद कलश यात्रा रवाना हुई। यात्रा की अगुवाई सिर पर मिट्टी के कलश लेकर कर चल रही महिलाओं ने की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी में जन्मभूमि अयोध्या से आये पूजित अक्षत के दर्शन पूजन कर भव्य अक्षत कलश पद यात्रा में भाग लिया और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। यह अक्षत कलश यात्रा देहरादून कालीदास रोड़ स्थित गौरी शकंर मन्दिर से प्रारंभ होकर भगवान महर्षि वाल्मीकि पथरियापीर होते हुए और बद्रीनाथ मंदिर तक गई। कलश यात्रा का जगह– जगह नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा आज पूरा देश राममय हैं। उन्होंने कहा 500 वर्षो का इंतजार अब जल्द खत्म होने जा रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को विधिवत राम मंदिर का लोकार्पण करेंगे। मंत्री गणेश जोशी ने 22 जनवरी को राम मंदिर में ह्यप्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन को ह्यदीपावली के रूप में मनाने के लिए अपने घरों में विशेष दीये जलाने का सभी से आग्रह भी किया।

इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष डॉ बबीता सहोत्रा, सतेंद्र नाथ, भावना चौधरी,मयंक खंडूरी,विकास कठैला,राजेश राजौरिया,सरिता गौड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## देवेंद्र शास्त्री के नाम पर होगा दून के किसी स्थल का नाम

देहरादून। दून के किसी चौक या स्थल का नाम भाजपा एवं जनसंघ के संस्थापकों में शामिल रहे देवेंद्र शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष इस संदर्भ में जल्द मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से बातचीत करेंगे।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को भाजपा व जनसंघ के स्थापकों में शामिल रहे स्वर्गीय देवेंद्र शास्त्री की पुण्य तिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान भाजपा नेताओं ने शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह उत्तराखंड में आरएसएस के पहले प्रचारक थे और अलग राज्य की अवधारणा को मजबूती से रखते थे। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि देवेंद्र शास्त्री के नाम पर दून में किसी महत्वपूर्ण स्थल या चौक का नाम रखा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के किसान–कारोबारियों के लिए दुनिया से जुड़ने का मौका

देहरादून।राज्य के किसानों और फूड प्रोसेसिंग कारोबार से जुड़े उद्यमियों को देश–दुनिया के साथ जुड़ने का मौका मिलने जा रहा है। 12 जनवरी को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद विकास प्राधिकरण (एपीडा) देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय कानक्लेव और बायर–सेलर मीट का आयोजन कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। मंगलवार को कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों तय समय सीमा के भीतर सभी तैयारियों का पूरा करने के निर्देश दिए। जोशी ने बताया कि इस कानक्लेव का आयोजन राज्य के विभिन्न उत्पादों को निर्यात को प्रोत्साहित करने और अंतर्राष्ट्रीय बाजार से संपर्क बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। इसमें कई देशा के कंपनियां और समूह भाग लेंगे। बायर–सेलर मीट के साथ साथ कानक्लेव में किसानों के लिए तकनीकि सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। कृषि उत्पाद, उनकी प्रोसेसिंग पर विस्तार से मंथन किया जाएगा। राज्य के किसानों और खाद्य प्रसंस्करण कारोबारियों के लिए यह अच्छा अवसर होगा।

### पुरानी पेंशन की बहाली को हड़ताल पर डटे रहे रेल कर्मचारी

देहरादून।पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रेल कर्मचारियों की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। कर्मचारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

चेताया कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के बैनर रेलवे स्टेशन पर भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। शाखा अध्यक्ष रमेश कुमार और सचिव नरेश गुरुंग ने कहा कि पहले भी कई धरना–प्रदर्शन हो चुके हैं, लेकिन सरकार उनकी मांग को अनसुना कर रही है, जिससे रेल कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

कहा कि नई पेंशन योजना किसी भी सूरत में कर्मचारियों के हित में है, इसे समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की जरूरत है। इस मौके पर रामेश चंद्र, बीएस राजपूत, आरएस राठी, विकास भंडारी, शुगन, कुलदीप रतूड़ी, हिमांशु आर्य, संजय कुमार, अश्विनी कुमार, रक्षा यादव, सुमित कमार, कृष्ण सिंह, रामसेवक, रिंकू कुमार मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन ऑडिटोरियम में निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रोडक्शन हाउस के निदेशक डॉ. करनदीप सिंह ने कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के लिए प्रस्तावित एनिमेटेड फिल्म सीरीज (केसरी किड्स)ह्यह्यदेवभूमि एक्सप्रेसह्न के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि केसरी किड्स के नाम से इस एनिमेटेड फिल्म के माध्यम से बच्चों को नैतिक एवं चारित्रिक शिक्षाएं दी जाएंगी। इसके साथ–साथ लोगों को नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षाओं से भी परिचय कराया जाएगा। यह एनिमेटेड फिल्म 450 एपिसोड की बनाई जाना प्रस्तावित है। जिसमें प्रत्येक एपिसोड 22 मिनट का होगा। इसमें मनोरंजक के साथ–साथ ज्ञानवर्धक जानकारियां और उत्तराखंड के धार्मिक, आध्यात्मिक, पर्यटन, प्राकृतिक स्थलों की जानकारी भी होगी।



कार्यक्रम में राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय मॉर्डन मीडिया, मास मीडिया और एआई मीडिया का है और इन्हीं माध्यमों से हम अपनी आने वाली पीढ़ी को नैतिकता और आध्यात्मिकता के प्रति जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनिमेटेड फिल्म के रूप में इसे लोगों के सामने लाना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा और बच्चे, ज्यादातर समय मोबाइल या लैपटॉप की स्क्रीन में व्यतीत कर रहे हैं। एनिमेटेड फिल्मों से उन्हें शिक्षाएं प्रदान किया जाना बेहद प्रासंगिक है और यह एक सशक्त माध्यम भी बन सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यदि आप अपनी सोच, विचार और धारणा से किसी व्यक्ति को रूबरू कराना चाहते हैं या अपनी बात उसकी आत्मा तक पंहुचाना चाहते हैं तो मॉर्डन मीडिया का इस्तेमाल किया जाना आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि अमृत काल की पीढ़ी को एनिमेशन और नई तकनीकों के माध्यम से अपनी संस्कृति, सभ्यता और मान्यताओं के बारे में बताया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी नैतिक एवं चारित्रिक विकास के बल पर हमारे 2047 विकसित भारत और विश्व गुरु के संकल्प को पूरा कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों पर आधारित देवभूमि एक्सप्रेस एक ऐसी सोच है जो पूरे विश्व को एक संदेश देगी।

उन्होंने कहा कि इस सीरिज़ के माध्यम से हमारे इन स्थलों का प्रचार–प्रसार होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में अनेक ऐसे स्थल हैं जो अपने आप में दिव्यता और भव्यता से भरपूर हैं। यह फिल्म उन सभी स्थलों को भी देश और दुनिया के सम्मुख लाएगी। राज्यपाल ने कहा वर्तमान समय के परिपेक्ष्य में इसकी बहुत जरूरत है। उन्होंने इस सोच के लिए प्रोडक्शन हाउस के सभी सदस्यों के प्रयासों को सराहा और सभी से सहयोग की अपील की।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने निहाल निहाल निहाल प्रोडक्शन को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी।

# हरियाणा के चालक को अगवा कर लूटने वाले गैंग का सदस्य दबोचा

हरिद्वार। हरियाणा के टैक्सी चालक को अगवा कर उससे हुई लूटपाट की वारदात का खुलासा करते हुए शहर कोतवाली पुलिस ने पंतद्वीप पार्किंग में चाय की दुकान चलाने वाले गैंग के एक सदस्य को दबोचा है। जबकि उसके फरार साथियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुई है। गैंग ने लक्सर में भी एक पेट्रोल पंप पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस का दावा है कि जल्द ही फरार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नए वर्ष से पूर्व यहां यात्रियों को छोड़ने आए पेशे से टैक्सी चालक संदीप कुमार पुत्र नकलीराम, निवासी गली नंबर चार राजनगर थाना मांडल टाउन जिला पानीपत हरियाणा को उस वक्त अगवा कर लिया गया था, जब वह चमगादड़ टापू के पास शौच कर रहा था। असलहे की नोंक पर चार आरोपियों ने उसे काबू किया था। जिसके बाद वे उसे बंधक बनाकर अपने साथ कार में ले गए थे। लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के बाद वेस्ट यूपी के मीरापुर में कार के दुर्घटनाग्रस्त होने पर आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए थे। पीड़ित ने यहां पहुंचने के बाद शहर कोतवाली पुलिस को शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने जब पड़ताल शुरू की तब सामने आया कि आरोपी एक धर्मशाला में ठहरे थे। उनसे मिलने पंतद्वीप पार्किंग में चाय की दुकान चलाने वाला आरोपी राहुल कश्यप पुत्र भूपेन्द्र निवासी ग्राम खेडा मनिहार थाना मवाना जनपद मेरठ यूपी भी पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया, जिसके कब्जे से एक असलहा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के कब्जे से चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, 1100 रुपये और लक्सर में पेट्रोप पंप में हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद हिस्से में आए दो हजार रुपये भी बरामद हुए। आरोपी राहुल वारदात के बाद आरोपियों के साथ चला गया था। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि वेस्ट यूपी के रहने वाले आरोपी के साथियों के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें जुट गई है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## प्रकाश पर्व 17 को, प्रभात फेरियां शुरू

देहरादून।सिख सेवक जत्था श्री गुरुगोबिन्द सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाएगा। इस उपलक्ष्य में मंगलवार से ही प्रभात फेरियां निकालनी शुरू हो गई हैं। जो 16 तक चलेगी। जत्थे के प्रधान सरदार गुलज़ार सिंह ने बताया कि प्रभात फेरियां 14 जनवरी को सुबह गुरुसिंह सभा में अमृत संचार होगा। 15 जनवरी को नगर कीर्तन गुरुद्वारा करनपुर से दोपहर में आरम्भ होगा। जो कि सर्वे चौक, क्लेमेंट चौक, घंटाघर से धामावाला बाजार से लक्खी बाग़ पुलिस चौकी से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रात को पूरा पहुचेगा ' नगर कीर्तन में शब्दी जत्थे के रूप में शामिल होगा ' 17 जनवरी प्रकाश पर्व वाले दिन प्रसाद बनाने की व लंगर बरताने आदि की सेवा होगी' जनरल सेक्रेटरी सेवा सिंह मठारु ने बताया कि मंगलवार को प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा से अरदास के पश्चात आरम्भ हुई।

## भाषण प्रतियोगिता में एसएमजेएन के देव सूर्यवंशी प्रथम

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र हरिद्वार की ओर से मेरा भारत–विकसित भारत @2047 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एसएमजेएन पीजी कॉलेज, गुरुकुल कांगड़ी विवि और रुड़की के सत्रह प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जनपद स्तरीय इस प्रतियोगिता में एसएमजेएन पीजी कालेज के छात्र देव सूर्यवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वह राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में हरिद्वार जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। द्वितीय स्थान अपराजिता, तृतीय अर्शिका, चतुर्थ आयुष डंगवाल तथा पंचम स्थान जाह्नवी नरूला ने प्राप्त किया। एसएमजेएन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने विकसित भारत के लिए किए जाने वाले प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना ही। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा.संजय माहेश्वरी ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वाह धर्मेन्द्र चौहान प्रधानाचार्य आदर्श बाल विद्या मंदिर जटबहादुरपुर, डा.सुगंधा वर्मा तथा डा. मोना शर्मा ने किया।

# खोह नदी में गिर रहा ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा, निगम नहीं दे रहा ध्यान

## अगस्त माह में खोह नदी की भेंट चढ़ गई थी ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भले ही नगर निगम आमजन को स्वच्छता का संदेश दे रहा हो। लेकिन, धरातल की स्थिति यह है कि नगर निगम स्वयं ही नदियों की स्वच्छता को लेकर लापरवाह बना हुआ है। हालत यह है कि पिछले पांच माह से गाड़ीघाट में ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा लगातार खोह नदी में गिर रहा है। जबकि, खोह नदी के पानी का उपयोग कई काश्तकार सिंचाई के साथ ही मवेशियों को पिलाने के लिए भी करते हैं।

गाड़ीघाट में खोह नदी के तट पर बने ट्रेंचिंग ग्राउंड में हर रोज चालीस वार्डों से एकत्रित होने वाले कूड़े को डाला जाता है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित कूड़ा खोह नदी में न गिरे इसके लिए पूर्व में नगर निगम ने सुरक्षा दीवार का निर्माण करवाया था। लेकिन, अगस्त माह में नदी के तेज वेग से सुरक्षा दीवार के साथ ही ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि का हिस्सा बह गया था। तब से हर रोज ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा खोह नदी में गिर रहा है।



कोटद्वार के मोहल्ला गाड़ीघाट स्थित खोह नदी में गिरता ट्रेंचिंग ग्राउंड का कूड़ा

### जिलाधिकारी ने जताई थी नाराजगी

**अगस्त माह में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे जिलाधिकारी ने नदी में गिर रहे कूड़े को लेकर नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) का हवाला देते हुए उपजिलाधिकारी को नगर निगम को नोटिस देने के निर्देश दिए थे। नोटिस मिलते ही नगर निगम व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास करने लगा। लेकिन, 13 व 14 अगस्त को आई आपदा से ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि का ही कटाव हो गया था। ऐसे में पांच माह बाद भी नगर निगम सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं करवा पाया है।**

## शेखर चंद्र जोशी बने एसोसिएशन के अध्यक्ष

**कोटद्वार** : उत्तरांचल फारेस्ट मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन की कोटद्वार व लैंसडौन इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। जिसमें शेखर चंद्र जोशी को एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस संबंध में एसोसिएशन के सदस्यों व पदाधिकारियों की हुई बैठक में चुनावी प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। इस दौरान अध्यक्ष के अलावा मनीष नेगी उपाध्यक्ष, दीपक रावत महामंत्री, मोहित सजवाण कोषाध्यक्ष और अमित बिष्ट संप्रेक्षक चुने गये। एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष जमुना प्रसाद भट्ट, वन बीट अधिकारी संघ के अध्यक्ष राकेश वेदवाल और वाहन चालक संघ अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।

## जमेली महादेव ने जीता फुटबॉल मैच

**कोटद्वार** : राजकीय ऐतिहासिक पौराणिक गेंद मेला सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा समिति की ओर से आयोजित फुटबाल का मैच जमेली महादेव के नाम रहा। इस दौरान फुटबाल प्रतियोगिता देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। डाडामंडी में आयोजित फुटबाल का मुकाबला जमेली व किशनपुरी के बीच खेला गया। पहले हाफ में जमेली महादेव ने एक गोल दागकर मैच में बढ़त बनाई। किशनपुरी की टीम अंत तक भी गोल नहीं कर सकती। समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह चौहान ने बताया कि गेंद मेले से पूर्व डाडामंडी में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## कण्वाश्रम में बनाया जाएं आयुर्वेद म्यूजियम

**कोटद्वार** : कण्वाश्रम उत्थान संघर्ष व जनजागरण अभियान संस्था ने कण्वाश्रम में आयुर्वेद म्यूजियम बनवाने की मांग की है। कहा कि कण्वाश्रम के बेहतर विकास के लिए सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। इस संबंध में संस्था के संयोजक नंदलाल धनगर ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। कहा कि कण्वाश्रम राजा भरत की जन्मस्थली है। ऐसे में सरकार को इसके विकास के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। कहा कि सरकार ने उत्तराखंड में आयुर्वेद म्यूजियम बनाने की घोषणा की है। ऐसे में यदि इस म्यूजियम को कण्वाश्रम में स्थापित किया जाता है तो इससे कोटद्वार को नई पहचान मिलेगी।

## नाम जुड़वाने की प्रक्रिया प्रारंभ

**कोटद्वार** : नगर निगम की वार्डवार निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम के संबंध में आपत्ति करने, या इस संबंध में अपना दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया नगर निगम कार्यालय के साथ ही अन्य कार्यालयों में होगी।

## कांग्रेस ने की अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग

**पौड़ी** : कांग्रेस ने अंकिता भंडारी के परिजनों को न्याय दिलाने व हत्या के आरोपियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया। कांग्रेसियों ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में सबूतों को नष्ट करने के लिए रात के अंधेरे में रिसोर्ट में बुलडोजर चलाया गया। इस हत्याकांड में शामिल तथाकथित वीआईपी व रिसोर्ट पर बुलडोजर चलाने वालों के नामों का खुलासा करने से भी पुलिस कतरा रही है। इस दौरान कांग्रेसियों ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर अंकिता भंडारी के पिता के पत्र में लिखे गए वीआईपी व रिसोर्ट में तोड़फोड़ करवाने वालों की जांच करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। इस मौके पर कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, सरिता नेगी, यशोदा नेगी, गोपाल, आयुष भंडारी, युद्धवीर सिंह, भरत सिंह आदि शामिल रहे।

# अंकिता भंडारी के परिवार को जल्द मिले इंसाफ

### इंसाफ की मांग को कांग्रेस ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अंकिता भंडारी के परिवार को न्याय नहीं मिलने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि आज भी अंकिता के माता-पिता न्याय के लिए भटक रहे हैं। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मामले से जुड़े वीआईपी का नाम उजागर करने की भी मांग उठाई।

मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। तहसील पहुंचकर उन्होंने उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम इला गिरि के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड को लगभग दो वर्ष से अधिक का समय हो गया है, लेकिन उसके परिवार को अभी तक इंसाफ नहीं मिल पाया है। अदालती कार्रवाई चल रही है और नित नए



अंकिता भंडारी के परिवार को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को पत्र भेजते कांग्रेसी

खुलासे हो रहे हैं। इसी के अंतर्गत भाजपा विधायक के कहने पर रिजार्ट तोड़ने का खुलासा होने पर अंकिता के माता-पिता को गहरा सदमा लगा है। अंकिता के माता-पिता को न तो सुरक्षा प्रदान की जा रही है और न ही उनकी बातों को सुना जा रहा है। ज्ञापन में राष्ट्रपति से अंकिता के माता-पिता को शीघ्र न्याय दिलाने और हत्याकांड के सभी आरोपियों पर कार्रवाई करने के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जिला महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, बलबीर सिंह रावत, प्रवेश रावत, सतेंद्र सिंह, प्रदीप नेगी, आदित्य नेगी, नितिन सिंह और धर्मपाल बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## रेंजर शैलेश और प्रमोद को दी श्रद्धांजलि

**पौड़ी** : चीला-ऋषिकेश मार्ग पर सोमवार को हुए हादसे के बाद नैनीडांडा क्षेत्र में शोक की लहर है। चीला रेंज में तैनात रेंजर शैलेश घिल्डियाल टांडियूं, जबकि रेंजर प्रमोद ध्यानी अपोला गांव के रहने वाले थे। दोनों के ही परिवार देहरादून में रहते है और गांव भी आते-जाते रहते है। शैलेश के पिता बृजमोहन घिल्डियाल शिक्षा विभाग से प्रधानाध्यापक पद से रिटायर है। शैलेश के बड़े भाई आईएएस मंगेश घिल्डियाल है।

शैलेश के साथ ही अपोला गांव निवासी प्रमोद ध्यानी की मौत की खबर सुनते ही पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। हादसे ने एक साथ ही यहां के दो बेटों को खोया है। इस हादसे पर लैंसडौन के विधायक दिलीप रावत, कांग्रेस नेता धीरेंद्र प्रताप, ब्लॉक प्रमुख प्रशांत कुमार, ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, कनिष्ठ उप प्रमुख रेखा देवी, शशिकुमार ध्यानी, मुन्नी ध्यानी, संजय गौड़, मनीष सुंद्रियाल, सुरेंद्र बिष्ट, दीपक रावत, हरीश रावत, सत्यपाल सिंह रावत, मनोज खर्कवाल, मनोज मधवाल, बृजेश घिल्डियाल, राकेश ध्यानी, एमडी रावत, कमलेश ध्यानी, वीएल मधवाल, सुरेश ध्यानी आदि ने भी अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## राष्ट्रीय एकता शिविर टीम का डा. मंजू कपरवाण ने किया नेतृत्व



आयोजित शिविर में प्रतिभाग करती उत्तराखंड की टीम

**कोटद्वार** : स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमानी जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में आयोजित एनएसएस के राष्ट्रीय एकता शिविर में उत्तराखंड की टीम ने भी प्रतिभाग किया। जिसका नेतृत्व शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कण्वघाटी की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजू कपरवाण ने किया। उन्होंने बताया कि दो से आठ जनवरी तक शिविर का आयोजन किया गया था। टीम में टिहरी से सूरज रावत, देहरादून से अमित भट्ट, हरिद्वार से निशांत तिवारी व देवांश पंवार, सुरखेत से अर्चना व अनुष्का, जीजीआईसी कण्वघाटी से मीनल रावत व कीर्ति धस्माना सहित आठ स्वयंसेवी शामिल थे। इस दौरान स्वयं सेवियों ने योग, प्रोजेक्ट कार्य व सांस्कृतिक रैली सहित अन्य विधाओं में प्रतिभाग कर प्रदेश का नाम रोशन किया। बताया कि पेंटिंग में निशांत ने प्रथम, रंगोली में कीर्ति ने द्वितीय व परिचर्चा में देवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वयं सेवियों ने दैणा होयां खोली का गणेशा.., नंदा राजजात तथा अन्य गीतों पर पारंपरिक परिधानों में नृत्य प्रस्तुत कर सबको अपनी संस्कृति से ओतप्रोत कर नृत्य करने के लिए मजबूर कर दिया। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आयें विषय विशेषज्ञों ने स्वयं सेवियों का मार्गदर्शन किया जो अविस्मरणीय अनुभव रहा।

# शादी का झांसा देकर लाखों की ठगी, नाइजीरियन निकला गैंग लीडर



कोटद्वार कोतवाली में पकड़े गए ठगी के आरोपी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मैट्रिमोनियल एप के माध्यम से शादी का झासा देकर युवक से ठगी करने वाले एक गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गैंग का लीडर नाइजीरियन व्यक्ति है। उसे भी पुलिस ने फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है।

घटना दो फरवरी-2022 की है। खूनीबड़ निवासी रघुवीर सिंह नेगी की ओर से मामले की तहरीर पुलिस को दी गई थी। जिसमें उसने बताया था कि वह मैट्रिमोनियम साइड पर शादी के लिए रिश्ता खोज रहा था। इसी दौरान उसे महिला के नाम से बनी एक आईडी से मैसेज आया। बताया कि महिला ने विदेशी करेंसी को इंडियन करेंसी में बदलने के नाम पर उससे तीन लाख तीस हजार रुपये लिए। इसके बाद उसने मैसेज में जवाब देना बंद कर दिया। जिसके बाद उन्हें पता चला कि उक्त आईडी फर्जी थी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में नाइजीरियर गैंग के लीडर चिनोंसो रोयकत के साथ ही गोविंदपुरी दिल्ली निवासी ममता, तुगलकाबाद निवासी ऊषा, उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर तहसील नवाबगढ़ निवासी मौ. ताहिर उर्फ कासिम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आमजन से सोच समझकर ही इंटरनेट का उपयोग करने की अपील की। कहा कि यदि किसी के साथ ही साइबर अपराध होता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 192 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को दिये नियुक्ति पत्र

## स्वास्थ्य विभाग में एक वर्ष में होगी 11 हजार से अधिक पदों पर भर्ती

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : प्रदेश के उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रेक्षागृह पौड़ी में नवनियुक्त 192 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिये। उन्होंने सभी नर्सिंग अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा।

स्वास्थ्य मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का विशेष उद्देश्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना है, जिससे आमजनमानस को बेहतर स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है तथा सभी रिक्त पदों पर तेजी से भर्ती की जा रही हैं। कहा कि नर्सिंग अधिकारियों की नियुक्ति वर्षवार कर जहां स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। वहीं वर्षों से नियुक्ति का इंतजार कर रहे 192 नर्सिंग अधिकारियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में एक वर्ष के भीतर चिकित्सक, नर्स, वार्ड ब्वाय सहित विभिन्न पदों पर 11 हजार से अधिक नियुक्तियां की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन लोगों के अभी तक टीकाकरण, आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाये हैं उन्हें तत्काल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि 2024 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करना है, जिसमें पौड़ी जनपद का पहला स्थान है, जहां टीबी मुक्त करने में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, राज्य सहकारी संघ अध्यक्ष मातबर सिंह रावत, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर सहित अन्य अधिकारी व नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारी उपस्थित थे।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत नवनियुक्त 192 नर्सिंग अधिकारी को नियुक्ति पत्र देते हुए।

## नगर निगम की अव्यवस्थाओं पर भड़के लोग

**श्रीनगर गढ़वाल** : नगर निगम की अव्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। नगर क्षेत्र की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किये जाने को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन लाल जैन ने उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा को सौंपे ज्ञापन में बताया कि रेलवे मोटर पुल से लेकर नगर निगम चौराह स्थित पीपलचौरी तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने और पानी का रिसाव सहित सड़क के दोनों ओर वाहनों की पार्किंग होने के चलते राहगीरों को चलना मुश्किल हो गया है। साथ ही बड़ी दुर्घटना होने की संभावनाएं भी बनी रहती है। बताया कि इस मार्ग में अधिकांश विद्यालय के बच्चों की आवाजाही ज्यादा रहती है। उन्होंने जल्द से जल्द समस्या का निदान किये जाने की मांग की है। साथ ही नगर निगम में जोड़े गये ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से विद्युत व्यवस्था दुरस्त किए जाने और सफाई कर्मचारियों की तैनाती किये जाने और नगर निगम के कार्यों को धरातल पर उतार कर जनता को उसका लाभ दिलाये जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## आज होगा बैडमिंटन टीम का चयन

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल की बैडमिंटन टीम के लिए चयन ट्रॉयल बुधवार को इंडोर स्टेडियम कंडोलिया में किया जाएगा। जिला खेल कार्यालय बागेश्वर द्वारा 12 से 14 जनवरी तक अंडर-15 बालक-बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस स्टेडियम बागेश्वर में किया जाएगा। प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि बैडमिंटन टीम प्रतियोगिता में जिले की बैडमिंटन टीम के लिए चयन ट्रॉयल बुधवार को इंडोर स्टेडियम कंडोलिया में किया जाएगा।

## एसएसबी स्वयं सेवकों को गुमराह कर रही सरकार : गैरोला

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर में एसएसबी स्वयं सेवकों की बैठक आहूत की गई। बैठक में एसएसबी स्वयं सेवक के जिलाध्यक्ष टिहरी दिनेश गैरोला ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर स्वयं सेवकों के हित में किसी भी प्रकार से भागीदारी नहीं निभा रही है। कहा कि 17 सालों में तीन बार सत्यापन की प्रक्रिया चल चुकी है, लेकिन सत्यापन कर नौकरी, पेंशन सहित आश्रित हित लाभ पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गैरोला ने कहा कि मुख्यमंत्री तथा सचिवों के साथ में वार्ता होने के बावजूद भी अभी तक स्वयं सेवकों की मांगों का निस्तारण नहीं हुआ है। सरकार एलआईयू के माध्यम से पुनः सत्यापन का कार्य करवा रही है। जिसमें स्वयं सेवकों से आधार कार्ड एवं एक फोटो मांगी जा रही है जोकि उचित नहीं है। कहा कि संगठन इसका पूर्णरूप से विरोध करता है। साथ ही आगामी 12 जनवरी को कीर्तिनगर ब्लॉक में एक अति आवश्यक बैठक की जाएगी। जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हिम्मत सिंह मेहर, उपाध्यक्ष उत्तम रतूड़ी, सचिन बृजमोहन गुसांई, राजेंद्र भंडारी, महासचिव अनिल भट्ट, वीरेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, प्रदीप सिंह, धीरज सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## पदक विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ी सम्मानित

**बागेश्वर(सं)।** राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्तराखंड ने चार गोल्ड, दो ब्रॉज मेडल जीते। इसमें से तीन गोल्ड बागेश्वर के खिलाड़ियों ने जीते। तीनों विवेकानंद में पढ़ते हैं। तीनों खिलाड़ी अब दुबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रधानाचार्य अव्वल सिंह तोपाल, प्रबंधन कुंदन परिहार, अध्यक्ष उत्तम टाकुली, खेल प्रशिक्षक चंदन कोरंगा, गोकुल खेतवाल आदि ने खुशी जताई है।

# पौड़ी में भोजन माताओं ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**न्यूनतम 18 हजार मानदेय देने समेत 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन**

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : सीटू से संबद्ध भोजन माताओं ने मंगलवार को डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। भोजन माताओं ने न्यूनतम 18 हजार मानदेय देने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी घोषित करने समेत 9 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

सीटू संबद्ध उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलक्ट्रेट के समीप स्व. एचएन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित भोजन माताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर धरना देकर प्रदर्शन किया। यूनियन की जिलाध्यक्ष एश्वर्या जुयाल ने आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना को समाप्त कर इसे निजी संस्थानों को सौंपने जा रही है। जिससे कि भोजन माताओं का रोजगार समाप्त हो जाए। कहा कि पूर्व में भी उन्हें 5 हजार प्रतिमाह दिए जाने का आश्वासन दिया गया था। जो कि आज तक पूरा नहीं हुआ। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना का निजीकरण न करने व न्यूनतम मानदेय 18 हजार करने सहित 9 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की है। इस मौके पर यूनियन की प्रांतीय अध्यक्ष रोशनी बिष्ट, सीटू के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र रावत, देवानंद नौटियाल, कुसुम, विद्यादेवी, कौशल्या देवी, नीता देवी, आशा देवी, मंजू देवी, बिनीता देवी, मीना, रोशनी, ममता आदि शामिल रहे।

## प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं : डॉ. संधु

जयन्त प्रतिनिधि।

**देहरादून** : मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में प्रदेश के स्कूलों में प्रयोगशालाओं एवं छात्रावासों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने प्रदेश में सभी छात्र-छात्राओं को प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को कैरियर काउंसिलिंग की सुविधा भी मिल सके इसके लिए बेस्ट काउंसलर एजेंसियों का सहयोग लिया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि शुरूआत में आदर्श विद्यालयों में तेजी से योजनाओं को धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं है, प्रयोगशालाएं और कैरियर काउंसिलिंग प्रदेश के युवाओं में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छात्र-छात्राओं को और क्या अच्छा दिया जा सकता है, इसके लिए देश की बेस्ट कैरियर काउंसिलिंग एजेंसियों के साथ सेमिनार आयोजित कर उनके सुझाव लिए जाएं और प्राप्त सुझावों को शीघ्र से शीघ्र लागू कर प्रदेश के युवाओं को एक अच्छे करियर की दिशा प्रदान की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में सभी प्रकार की शैक्षिक सुविधाएं तुरन्त उपलब्ध नहीं कराई जा सकती, ऐसे विद्यालयों के आसपास के आदर्श विद्यालयों में छात्रावास की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए बजट की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। इससे प्रदेश के भावी युवाओं को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायी जा सकती है। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रमन उपस्थित थे।

## सीयूईटी परीक्षा को लेकर नहीं थम रहा छात्रों का आक्रोश

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में सीयूईटी परीक्षा को लेकर छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गढ़वाल विवि के छात्रों द्वारा सीयूईटी परीक्षा को रद्द कर अपनी परीक्षा करवाये जाने को लेकर गढ़वाल विवि के कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा से मुलाकात की गई। इस दौरान छात्रों ने कहा कि यदि गढ़वाल विवि प्रशासन जल्द सीयूईटी को रद्द कर अपनी प्रवेश परीक्षा नहीं करवाता है तो छात्र आंदोलन के लिए बाध्य होगें।

मंगलवार को बिड़ला परिसर के छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दिव्यांशु बहुगुणा के नेतृत्व में छात्र गढ़वाल विवि के कुलसचिव से मिले। वार्ता में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दिव्यांशु बहुगुणा ने कहा कि गढ़वाल विवि में लम्बे समय से सीयूईटी को रद्द कर पूर्व के भांति अपने स्तर से प्रवेश परीक्षा करवाये जाने की मांग की जा रही है, बावजूद इसके विवि प्रशासन छात्रों की मांगों को नजर अंदाज कर रहा है। कहा कि सीयूईटी परीक्षा होने से पहाड़ के छात्रों को अन्य प्रदेशों के लिए दौड़ लगानी पड़ती है। जिस कारण अधिकांश छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जाते हैं। छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने कहा कि सीयूईटी को लेकर गढ़वाल विवि लगातार छात्रों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है।

कहा कि पिछले वर्ष एक माह तक चले छात्रों के आंदोलन के बाद गढ़वाल विवि प्रशासन ने अगले वर्ष से सीयूईटी न करवाकर अपनी प्रवेश परीक्षा करवाये जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक गढ़वाल विवि आश्वासन पर खरा नहीं उतर रहा है। उन्होंने कहा कि यदि गढ़वाल विवि प्रशासन जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करता है तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गढ़वाल विवि के कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा ने बताया कि सीयूईटी के मामले को लेकर जल्द बैठक की तिथि नियत की जायेगी। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित रावत, कैवल्य जखमोला, पुनीत अग्रवाल, राजा चौधरी, मोहित बंगवाल, राजा सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# सदभावना क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, ज्वाल्पा टीम ने जीता उदघाटन मैच


जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली** : पोखड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा सिलेत में स्थित भैरव स्टेडियम ऊंचीर में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट सप्तम संस्करण शुरू हो गया है। टूर्नामेंट का उदघाटन मैच ज्वाल्पा और ल्वीठा टीम के बीच खेला गया। जिसमें ज्वाल्पा की टीम ने जीत दर्ज की।

मंगलवार को सूबेदार अनूप रावत ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता के लिए इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं जरूरी हैं। उन्होंने 51000 की सहयोग राशि क्रिकेट कमेटी को दी। उदघाटन मैच में 2012 की विजेता ज्वाल्पा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12ओवर में पहले 5 विकेट खोकर 141 रन का लक्ष्य दिया, वहीं ल्वीठा ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ ओवर में ही 54 रन पर ऑल आउट हो गई। 45 रन बनाने वाले अतुल को मैन ऑफ मैच चुना गया। वहीं इस क्रिकेट टूर्नामेंट को जीतने वाली विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता टीम को 31 हजार का पुरस्कार दिया जायेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित राजपाल रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश ढौंडियाल, जिला पंचायत सदस्य हेमलता रावत, ग्राम प्रधान गडरी महिपाल, संजय नवानी, मनोहर पंत, भगत सिंह, अनिल रावत, बेलम, अशोक, सतपाल रावत, विक्की सिंह, जगमोहन सिंह, कलम सिंह, सोहन सिंह, अर्जुन सिंह, पूरण सिंह, बलबीर रावत, मनीष नेगी, जयकृत सिंह, उतम रावत, भूपेंद्र सिंह, उमेश चंद, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रभु शरण, जितेंद्र रावत, चंद्र मोहन नेगी, प्रदीप रावत, सुरेंद्र सिंह, देवेन्द्र रावत आदि मौजूद थे।



# गोपीनाथ मंदिर मार्ग सौंदर्यीकरण को लेकर कवायद शुरू



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : स्मार्ट सिटी परियोजना की तर्ज पर गोपेश्वर के गोपीनाथ मंदिर मार्ग के सौंदर्यीकरण की जिला प्रशासन ने कवायद शुरु कर दी है। जहां योजना के निर्माण को शासन से सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग ने योजना को लेकर मुख्य बाजार का सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। मंगलवार को ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा निगम, जल संस्थान, नगर पालिका के अधिकारियों और व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य बाजार का संयुक्त निरीक्षण किया। ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अल्लादिया ने बताया कि योजना के तहत नगर के गोपीनाथ मंदिर मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें मंदिर मार्ग पर गुजरने वाली विद्युत, पेयजल, डिश केबल, नेटवर्क फाइबर सहित सभी लाइनों को सर्विस डक्ट बनाकर अंडर ग्राउंड किया जाएगा। साथ ही मंदिर के मुख्य द्वार से 450 मीटर मार्ग पर बनी 171 से अधिक दुकानों के बाहरी हिस्से को पहाड़ी शैली में एकरूपता दी जाएगी। वहीं मुख्य बाजार से गुजरने वाली नालियों को भी अंडर ग्राउंड किया जाएगा। सड़क पर कोबल स्टोन लगाया जाएगा। दुकान के शटरों पर गोपीनाथ मंदिर से जुड़ी अथवा लोक संस्कृति से संबंधित पेंटिंग बनाकर सजाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि योजना के निर्माण के लिए शासन की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही योजना के निर्माण के लिए साढ़े नौ करोड़ का वित्तीय प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार चला तो एक वर्ष में गोपीनाथ मंदिर मार्ग के सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष अनूप पुरोहित अंकोला, रोहितास पुरोहित, नीरज सिंह, ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एलपी भट्ट, नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद्र उनियाल सहित लोनिवि, ऊर्जा निगम व जल संस्थान के अधिकारी मौजूद थे।

# पूर्ण विवरण के साथ कार्य योजना उपलब्ध कराये : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने जल संवर्धन, जल संरक्षण, कैच द रैन को लेकर मंगलवार को जल संग्रहण से जुड़े विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से जल संरक्षण कार्यों की जानकारी लेते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना पूर्ण विवरण सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चालू वर्ष में जल संरक्षण हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा भी की। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को सभी चेक डैम को चेक करने, गूगल मैपिंग कर पूर्ण विवरण सहित जियो टैग करने के निर्देश दिए। आगामी वर्ष में जल संरक्षण को लेकर चेक डैम, चाल खाल, खंती, ट्रांचिस बनाए जाने तथा वृक्षारोपण, स्त्रोतों की साफ सफाई हेतु सभी विभागों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई को पूरे जनपद का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा से कन्वर्जेंस करते हुए चाल खाल, चेकडैम, ट्रैंच, पौध रोपण, वनीकरण एवं अन्य कार्यों के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। इस दौरान उन्होंने कृषि, उद्यान, मत्स्य, वन एवं अन्य विभागों द्वारा जल संरक्षण में किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सहायक परियोजना निदेशक केके पंत, अधिशासी अभियंता सिंचाई अरविंद सिंह नेगी, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र सिंह गुंजियाल सहित जल संस्थान, जल निगम, लघु सिंचाई, वन कृषि, उद्यान, जिला पंचायत एवं जल संरक्षण के जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने दो गुमशुदा बच्चों सकुशल परिजनों को सौंपा

टिहरी : टिहरी पुलिस ने नैनबाग क्षेत्र के ग्राम कांडी तल्ली से गुमशुदा दो मासूम बच्चों को मेलगढ़ जाने जंगल के रास्ते से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है। बीते सोमवार नैनबाग क्षेत्र के ग्राम कांड तल्ली के निवासी प्रवीन रावत ने नैनबाग चौकी को फोन पर सूचना की उनका पुत्र समक्ष (4) तथा अनायरा (3) पुत्री वींरेंद्र रावत अपराह्न 3 बजे अपने घर से गुम हो गये हैं। नैनबाग पुलिस चौकी ने उक्त घटना की सूचना कैम्पटी थाने को दी। कैम्पटी थानाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों के सहयोग से गांव सटे जंगल में चैंकिग अभियान शुरु किया। गांव से करीब 4 किमी. दूर तलाशी के दौरान बच्चों की आवाज सुनाई दी।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

प्रधानाचार्य, ओक ग्रोव स्कूल, उत्तर रेलवे, झड़ीपानी, मसूरी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए निर्धारित प्रोफोर्मा पर मोहरबंद खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक **22.02.2024** को खोली जायेंगी:

**निविदा संख्या : 01/W/OGS/2024-2025**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.04.2024 से 31.03.2025 की अवधि के दौरान मुर्गी के अन्डे एवं कटे व साफ किये हुए चिकन की आपूर्ति (एक साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 24.18 लाख | रु. 48,360.00 | रु. 3,000.00 प्रति सेट |

**निविदा संख्या : 02/W/OGS/2024-2025**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.04.2024 से 31.03.2025 की अवधि के दौरान ब्रेड एवं बन की आपूर्ति (एक साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 17.03 लाख | रु. 34,060.00 | रु. 2,000.00 प्रति सेट |

**निविदा संख्या : 03/W/OGS/2024-2025**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.04.2024 से 31.03.2025 की अवधि के दौरान फल, हरी सब्जी, आलू एवं प्याज की आपूर्ति करना (एक साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 30.04 लाख | रु. 60,090.00 | रु. 3,000.00 प्रति सेट |

**निविदा संख्या : 04/W/OGS/2024-2025**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.04.2024 से 31.03.2025 के दौरान 10 महीने की अवधि हेतु (दिसम्बर व जनवरी माह के अतिरिक्त) छात्रों को विद्यालय परिसर के अन्दर एवं बाहर मसूरी, देहरादून एवं उत्तराखंड के अन्य भागों में जाने आने हेतु चालक एवं परिचालक सहित रिटेन्शन आधार पर 22-26 सीटर बस भाड़े पर देना (एक साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 7.56 लाख | रु. 15,120.00 | रु. 2,000.00 प्रति सेट |

**निविदा संख्या : 05/W/OGS/2024-2025-2026**
**कार्य का नाम:** ओक ग्रोव स्कूल के लिए 01.04.2024 से 31.03.2026 की अवधि के दौरान कपड़ों की धुलाई एवं इस्तरी का कार्य करना (दो साल)

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| रु. 43.42 लाख | रु. 86,840.00 | रु. 3,000.00 प्रति सेट |

**कृपया ध्यान दें: 1.** धरोहर राशि के बिना प्राप्त निविदा अस्वीकार कर दी जायेंगी। **2.** निविदा प्रपत्र प्रधानाचार्य, ओक ग्रोव स्कूल, उत्तर रेलवे, झड़ीपानी, मसूरी, जिला देहरादून, उत्तराखंड-248179 के कार्यालय से दिनांक **07.02.2024** से **21.02.2024** के **17:30 बजे** तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं (डाक से निविदा प्रपत्र मंगवाने हेतु **रु. 500.00** अतिरिक्त देय होंगे, डाक से निविदा प्रपत्र मंगवाने हेतु नियत मूल्य के बैंक ड्राफ्ट सहित प्रार्थना पत्र दिनांक **05.02.2024** तक पहुँच जाना चाहिए)। निविदा प्रपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के पक्ष में देय होगा। निविदा प्रपत्र की राशि वापिस नहीं की जायेगी, निविदा प्रपत्र अहस्तान्तर्नीय है। **3.** उचित रूप में सील निविदा प्रपत्र दिनांक **22.02.2024** के **12:00 बजे** तक प्रधानाचार्य, ओक ग्रोव स्कूल, उत्तर रेलवे, झड़ीपानी, मसूरी, जिला देहरादून, उत्तराखंड-248179 के कार्यालय में रखे गए निविदा बॉक्स में जमा किये जा सकते हैं एवं तदुपरान्त निविदायें तुरन्त खोली जाएंगी। उचित रूप में सील निविदा प्रपत्रों को रजिस्ट्री डाक द्वारा भी भेजा जा सकता है जो कि उपर वर्णित निश्चित तिथि एवं समय से पूर्व पहुँच जाने चाहिये। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा। **4. निविदा की वैधता अवधि:** निविदा खुलने की तिथि से **60 दिन**। **5.** निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र में धरोहर राशि, निविदा फार्म की कीमत से सम्बन्धित शर्तों एवं अन्य शर्तों को ध्यान से पढ़ लें। **6.** निविदा सूचना ओक ग्रोव स्कूल की वेबसाईट www.oakgrovejharipani.in एवं उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.nr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र भी इस वेबसाईट पर दिनांक **07.02.2024** से **21.02.2024** के **17:30 बजे** तक उपलब्ध रहेगा।

**सं.: 01-05/W/OGS/2024-2025 दिनांक: 05.01.2024** **83/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# सम्पादकीय

## असमंजस में निकाय चुनाव

लोकसभा चुनावों से पूर्व उत्तराखंड में राजनीतिक दलों में निकाय चुनाव को लेकर उत्साह देखा गया था, लेकिन दिसंबर महीने में निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद अभी तक यह निश्चित नहीं है कि निकाय चुनाव लोकसभा चावन से पूर्ण संपन्न हो सकेंगे या नहीं। सरकार की ओर से भी ऐसी कोई पहल नजर नहीं आ रही है जो इस बात की ओर इशारा करती है कि निकाय चुनाव को लेकर प्रयास किया जा रहे हैं। बड़े पैमाने पर स्थानीय लोग अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर निकाय चुनाव में भागीदारी करते हैं ताकि जहां एक तरफ अपने राजनीतिक भविष्य की आधारशिला तैयार कर सकें तो वहीं चुनाव जीत कर अपने क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में अपनी भागीदारी निभाएं। उत्तराखंड में नगर निकायों का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो चुका है लिहाजा सरकार की ओर से निकायों में प्रशासक नियुक्त कर दिए गए हैं। तकनीकी तौर पर देखा जाए तो सरकार को कोई अधिकार नहीं है कि वह निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासक नियुक्त करे। नियमों के अनुरूप प्रशासक तब नियुक्त किया जाता है जब कोई निकाय भंग हो जाता है। उस स्थिति में भी सरकार को छह माह के भीतर चुनाव कराना होता है, लेकिन उत्तराखंड में निकायों ने कार्यकाल तो पूरा कर लिया है लेकिन अभी तक चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है। निकाय चुनाव की तैयारी कर रहे लोगों में इस बात को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर क्यों सरकार की ओर से इस संबंध में लेट लतीफी की जा रही है और सरकार ने निकायों में प्रशासक नियुक्त कर दिए जो संविधान के विरुद्ध है। नगर निकाय चुनाव होने के दिन कब आएंगे यह तो मालूम नहीं लेकिन फिलहाल हाई कोर्ट में नगर पालिकाओं के चुनाव न कराए जाने को लेकर जनहित याचिकाओं का दौर चल पड़ा है। किसी भी क्षेत्र के चुनाव संपन्न करने के लिए यह जरूरी है कि उनका एक निश्चित कैलेंडर तय हो। ठीक उसी तरह जैसे लोकसभा व विधानसभा चुनाव अपने नियत समय पर कराए जाते हैं। राजनीतिक दलों से लेकर स्थानीय स्तर पर नेतागिरी करने वाले लोगों के लिए भी नगर निकाय चुनाव एक महत्वपूर्ण आधारशिला है जो उनके भविष्य के राजनीतिक कद का आकलन भी करता है। प्रशंसकों के भरोसे नगर निकाय नहीं चलाए जा सकते और ना ही प्रशासक आम व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध होते हैं। इन परिस्थितियों में यह अत्यंत जरूरी है कि निकाय चुनाव जल्द से जल्द संपन्न कराएं ताकि निकाय सदन के गठन के साथ ही स्थानीय विकास के कार्यों को भी गति मिल सके।

## जरूरी हैं एहतियाती तैयारियां

गजा में इजराइली हमलों के कारण पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय युद्ध भडक़ने का खतरा पैदा हो गया है। नतीजतन, वैश्विक सप्लाई चेन भंग होने लगा है। इससे फिर महंगाई का दौर आने की आशंकाएं गहराती जा रही हैं।

भारतीय नौसेना की तत्परता ने उस जहाज को समुद्री डाकुओं से अपहरण के कुछ घंटों के अंदर ही छुड़ा लिया, जिस पर कम-से-कम 15 भारतीय कर्मचारी सवार थे। एमवी लीला नॉरफोक नाम के इस जहाज पर लाइबेरिया का झंडा लगा हुआ था। चार जनवरी की शाम हथियारों से लैस पांच-छह अज्ञात लोग जहाज पर सवार हो गए थे।

यह खबर मिलने के बाद भारत के लड़ाकू जहाज 'आईएनएस चेन्नई' को एमवी लीला की मदद के लिए भेजा गया। भारतीय नौसेना का एक विमान भी अपहृत जहाज के ऊपर से उड़ा। आखिरकार डाकू संभवतः जहाज को छोडक़र भाग गए, क्योंकि जब जहाज की जांच-पड़ताल की गई, तो उस पर कोई अवांछित व्यक्ति नहीं मिला। यह घटना शायद नहीं होती, अगर इजराइल-फिलस्तीन युद्ध के कारण लाल सागर में तनाव पैदा नहीं हुआ होता। तब संभवतः जहाज को रूट बदलकर उस तरफ जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जहां यह घटना हुई। लाल लागर में यमन के हूती गुट के हमलों के कारण जहाजों की आवाजाही असुरक्षित हो गई है।

हूती ने गजा में फिलिस्तीनीयों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर में भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। उसने कहा है कि इजराइल से संबंधित सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। उसके हमलों के बाद कई जहाजों को रास्ता बदलना पड़ा है। पिछले महीने भारत के तट से 370 किलोमीटर दूर 'एमवी केम प्लूटो' टैंकर पर एक ड्रोन से हमला हुआ था। उसके बाद से भारतीय नौसेना ने चौकसी बढ़ा दी है।

उसका फायदा एमवी लीला को मिला। जैसे हालात हैं, उनके बीच अभी इस चौकसी को लंबे समय तक जारी रखने की जरूरत पड़ सकती है। गजा में इजराइली हमलों के कारण पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय युद्ध भडक़ जाने का खतरा पैदा हो गया है। लेबनान, इराक, सीरिया इसकी जद में आ चुके हैं। अमेरिका संभवतः ईरान को भी इस दायरे में खींच लेगा। उस हालत में वैश्विक सप्लाई चेन के भंग होने की गंभीर स्थिति पैदा हो जाएगी। इसीलिए पूरी दुनिया में एक बार फिर महंगाई का दौर आने की आशंकाएं जताई जा रही हैं। उन स्थितियों के लिए भी एहतियाती तैयारी की जरूरत है।

# एक भारतीय की औकात!

हरिशंकर व्यास

**जाहिर है हम लोग क्योंकि सैकड़ों सालों से मालिक बनाम गुलाम या जैसे रामजी रखेंगे वैसे रह लेंगे की नियति में बंधे आए हैं तो इसके मनोविज्ञान में सत्ता और लाठी की महिमा भी हमारी सोच और व्यवहार का एक आधार है। तभी बतौर मनुष्य हर व्यक्ति सिर्फ अपने निज सरोकारों में सिमटा होता है। इसलिए मानवीय संस्कारों, प्राथमिकताओं, मानवीय सरोकारों, मूल्यों, संवेदनाओं से गरिमा के साथ जिंदगी जीना संभव ही नहीं है। कोई भी हो और वह पैसों से या सत्ता से अपने आपको श्रेष्ठि, परमश्रेष्ठि, अरबपति, प्रधानमंत्री बना ले या मंत्री, अफसर व नायक—महानायक, हीरो बन जाए लेकिन सत्ता के खौफ में भूरेलाल—वीपी सिंह के एक वक्त मैंने धीरूभाई अंबानी को कंपकंपाते, लकवाग्रस्त होते बूझा था। जरा याद करें हाल के शाहरूख खान और उसके बेटे आर्यन के चेहरों को, याद करें पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के अस्पताल में दाखिल उस चेहरे को जो किसी लक्खूभाई के झूठे आरोपों में फडफ़ड़ाती सांसें लेते हुए थे।**

उफ! नरेश गोयल। इस चेहरे ने कई भारतीयों की याद करा दी। जैसे एक राजन पिल्लई था, ब्रिटैनिया बिस्कुट का मालिक। बेचारा तिहाड़ जेल में गर्मी से फडफ़ड़ाते हुए मरा। ऐसे ही आर्थर रोड जेल में एक हर्षद मेहता मरा। फिर याद हो आया कैफे कॉफी डे का मालिक वीजी सिद्धार्थ। इस अरबपति ने आत्महत्या की। और जितना सोचें नाम उभरेंगे। रामलिंगा राजू, केतन पारेख, वेणुगोपाल धूत, चंदा कोचर या भगोड़ा विजय माल्या, मेहुल चौकसी, नीरव मोदी और रेलीगेर के जेलों में सड़ रहे मालिकान मालविंदर सिंह, शिवेंदर सिंह जैसे कई अरबपति भारतीय। इन्हें आप चाहें तो भ्रष्ट या लूटने वाला मानें लेकिन ये सब मानव हैं! पृथ्वी का वह प्राणी है, जिसे बेसिक गरिमा, संवेदना, सहानुभूति और न्याय का हक इसलिए है क्योंकि जन्म मनुष्य योनि में हुआ है न कि पशु योनि में।

मैं सनातनी और वैष्णवी हिंदू हूं। और मेरे जीवन की संगीत खुराक में लता मंगेशकर की आवाज में 'वैष्णव जन तो तेने रे कहिए जे पीड़ पराई जाणे रे' की गूंज हमेशा गुंजती है। तभी मेरे लिखे में जिद्द रही है कि गुलामी में रचे-रमे हम हिंदुओं को इतिहास से मिली क्रूर व्यवस्था की असंवेदनाओं पर जितना हथौड़ा मार कर लिखा जा सके लिखा जाए। हम भारतीयों का इतिहास क्योंकि कोतवालों, कारिंदों, हाकिमों और लाठियों व तलवारों की विधर्मी शासन व्यवस्था के अनुभवों का है सो, स्वाभाविक जो हम सदियों से बेगैरत, बेऔकात जिंदगी जीने की नियति लिए हैं। फिर भले वक्त मुगलों का हो, अंग्रेजों का हो, नेहरू का हो, पीवी नरसिंह राव का हो या नरेंद्र मोदी का।

सोचें, भारतीयों की उद्यमिता को बंधन मुक्त बनाने वाले पीवी नरसिंह राव के वक्त पर। मैं नरसिंह राव का मुरीद था। लेकिन उनके वक्त में भी जब तिहाड़ जेल में अरबपति राजन पिल्लई की मौत हुई तो मैंने लिखते हुए सवाल किया कि भला नरसिंह राव ऐसे असंवेदनशील कैसे जो तिहाड़ में इस तरह कोई मरे! सही है राजन पिल्लई के सेठ होने के कारण उनकी मौत ने दिल-दिमाग को हिलाया था। लेकिन इसके साथ यह वास्तविकता भी थी कि एक अरबपति भी सीबीआई, ईडी, जजों, हाकिमों की असंवेदनशीलता में बेमौत मारा जाता है तो भारत की जेलों में आम आदमी किस तादाद में कैसी लावारिस, बेमौत जिंदगी जीते व मरते हैं! मैं एक बूढ़े, 83 वर्षीय स्टेन स्वामी के चेहरे को तो कतई भूल नहीं पाता, जिसे भीमा कोरेगांव की कथित साजिश में गिरफ्तार कर जेल में डाला गया और जेल में उस बीमार, बूढ़े आदमी को पानी पीने के लिए स्ट्रॉ तक उपलब्ध नहीं कराई गई। अंततः वह बैमौत मृत्यु को प्राप्त हुआ।

स्टेन स्वामी की मौत ने भी मुझे लिखने को मजबूर किया था तो इनकम टैक्स के कारिंदों की लूट और लाठी से तंग आए कैफे कॉफी डे के अरबपति वीजी सिद्धार्थ की आत्महत्या पर भी मैंने लिखा था।

इसलिए कि कोई कितना ही भ्रष्ट हो, पापी हो, देशद्रोही हो वह है तो मानव समाज का वह जीव, जिसकी जिंदगी मानव मूल्यों, मानव संवेदनाओं, मानवनीय न्याय व्यवस्थाओं में रची-बसी होनी चाहिए। भारत यदि जंगल और जंगल राज नहीं है तो क्यों कर हर नागरिक बिना औकात के है या लोगों की औकात पैसे और ताकत से बनती या बिगड़ती है? क्यों कर, जिसकी लाठी उसकी भैंस है? और फिर लाठी भी सभी को उनके अलग-अलग वक्त, अलग-अलग मौके पर औकात के कम-ज्यादा होने के अनुभव करवाने वाली!

जाहिर है हम लोग क्योंकि सैकड़ों सालों से मालिक बनाम गुलाम या जैसे रामजी रखेंगे वैसे रह लेंगे की नियति में बंधे आए हैं तो इसके मनोविज्ञान में सत्ता और लाठी की महिमा भी हमारी सोच और व्यवहार का एक आधार है। तभी बतौर मनुष्य हर व्यक्ति सिर्फ अपने निज सरोकारों में सिमटा होता है। इसलिए मानवीय संस्कारों, प्राथमिकताओं, मानवीय सरोकारों, मूल्यों, संवेदनाओं से गरिमा के साथ जिंदगी जीना संभव ही नहीं है। कोई भी हो और वह पैसों से या सत्ता से अपने आपको श्रेष्ठि, परमश्रेष्ठि, अरबपति, प्रधानमंत्री बना ले या मंत्री, अफसर व नायक-महानायक, हीरो बन जाए लेकिन सत्ता के खौफ में भूरेलाल-वीपी सिंह के एक वक्त मैंने धीरूभाई अंबानी को कंपकंपाते, लकवाग्रस्त होते बूझा था। जरा याद करें हाल के शाहरूख खान और उसके बेटे आर्यन के चेहरों को, याद करें पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के अस्पताल में दाखिल उस चेहरे को जो किसी लक्खूभाई के झूठे आरोपों में फडफ़ड़ाती सांसें लेते हुए थे। और इस सब पर भारत के लोग, भारत का मीडिया हर वक्त लिंच करते हुए परपीड़ा में मजा लेता हुआ था।

दरअसल आजादी के बाद नेहरू और संविधान सभा ने भारतीयों की औकात को अंग्रेजों के समय से भी गई गुजरी बनवाने की गलतियां की है। इसलिए नागरिकों की कोई औकात नहीं तो व्यवस्था संवेदनहीन, मानवाधिकारहीन और अन्यायों से ऐसी ठूठ बनी है कि जिले का कलक्टर बैठक में एक ट्रक डाईवर को औकात बतलाता मिलेगा तो ईडी, सीबीआई या थाने का कोतवाल मुख्यमंत्रियों, गृहमंत्रियों, प्रधानमंत्रियों, अरबपतियों को औकात बतलाता मिला है फिर खुद हाकिम, कलक्टर, कोतवाल भी बिना औकात के रोते व सिसकते मिलेगें। इसलिए क्योंकि इन्हे औकात दिखलाने वाले दर्जनों व्यवस्थागत लेयर है। सवाल है हम भारतीयों की औकात का निर्धारक तत्व क्या है? मेरा मानना है 'लाठी! जिसकी लाठी उसकी भैंस!

विषयांतर हो गया है। नरेश गोयल पर लौटा जाए। मैं गोयल से कभी नहीं मिला। लेकिन दिल्ली के सत्ता तिलिस्म और दलाल तंत्र की समझ के कारण बड़ौत के एक लाला की किस्मत को नेता-अफसर-दलाल के तंत्र से बनने की भनक मुझे रही। और याद करें, पब्लिक के लाखों-लाख करोड रुपए अफसरों द्वारा डूबोने वाली सरकारी इंडियन एयरलाइंस की मोनोपॉली के खत्म होने के बाद शुरू हुई जेट एयरवेज ने भारत को कैसी क्वालिटी एयर सर्विस मुहैया कराई थी! मैं तब सोचता था कुछ भी हो, पश्चिमी यूपी का एक लाला एक विदेशी सीईओ की लीडरशीप से अंतरराष्ट्रीय स्तर की कैसी अच्छी वायु सेवा हम भारतीयों को उपलब्ध करा रहा है। लेकिन जैसा हम भारतीयों का चरित्र है सफलता के साथ सत्ता, पैसे और लूट से अहंकार और औकात में सब बेकाबू होता जाता है। इसलिए जब मैंने सुना कि गोयल सेठ अपनी जेट एयरवेज का ब्रसेल्स में हब बना रहा है और कंपनी के ओर-छोर को लेकर अरूण शौरी जैसे सुधीजन भी आश्चर्य जतलाते हैं तो लगा नरेश गोयल हवा में उडऩे लगा है, जगत सेठ हो रहा है (जैसे इस राज में अदानी है)।

# ईडी पर हमला क्यों?

सरकारी कामकाज में लगे अधिकारियों को निशाना बनाना देश में कानून-व्यवस्था और लोकतंत्र के बुनियादी कायदों के हो रहे ह्रास का संकेत है। इसलिए सभी पक्षों को पश्चिम बंगाल में हुई घटना के कारणों पर पूरी गंभीरता से सोच-विचार करना चाहिए।




पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के यहां जांच के सिलसिले में गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर उस नेता के समर्थकों का हमला ऐसी घटना है, जिसे किसी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। अपेक्षित है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां इस कांड में तत्परता से उचित कार्रवाई करेंगी। सरकारी कामकाज में लगे अधिकारियों को इस तरह निशाना बनाना देश में कानून-व्यवस्था और लोकतंत्र के बुनियादी कायदों के हो रहे ह्रास का संकेत है। इसलिए सभी पक्षों को इस घटना पर पूरी गंभीरता से सोच-विचार करना चाहिए। सवाल है कि केंद्र सरकार की एक एजेंसी को खासकर विपक्षी खेमों में खलनायक की तरह क्यों देखा जा रहा है? उल्लेखनीय है कि दो मुख्यमंत्री झारखंड के हेमंत सोरेन और दिल्ली के अरविंद केजरीवाल लगातार ईडी के समन की अवहेलना कर रहे हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी खुलेआम सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

इन एजेंसियों को दूसरी पार्टियों को तोडऩे और उनके नेताओं को भाजपा में शामिल कराने का औजार बना लिया गया है। केजरीवाल की इस राय से विपक्ष का ज्यादातर हिस्सा सहमत नजर आता है, तो उसकी एक वजह है। 2022 में एक अंग्रेजी अखबार ने ईडी की तरफ से दर्ज किए मुकदमों पर एक रिपोर्ट दी थी। उसके मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के लिए बने कानून- पीएमएलए में 2019 में बदलाव कर ईडी को यह शक्ति दे दी गई कि वह लोगों के आवास पर छापेमारी, सर्च और गिरफ्तारी कर सकती है। इससे पहले किसी अन्य एजेंसी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर और चार्जशीट में पीएमएलए की धाराएं लगने पर ही ईडी जांच करती थी, लेकिन अब ईडी खुद एफआईआर दर्ज करके गिरफ्तारी कर सकती है। उस रिपोर्ट के मुताबिक 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे करीब 95 फीसदी यानी 115 नेता विपक्ष के थे। इसलिए ये धारणा गहराती चली गई है कि ईडी विपक्ष को परेशान करने वाली एजेंसी बन गई है। यह जरूरी है कि ईडी की इस नकारात्मक छवि को तोड़ा जाए, ताकि उसमें सबका भरोसा बहाल हो सके।

# राम मंदिर का शिल्पकार सोमपुरा परिवार: 34 साल पहले कदमों से मापा था गर्भगृह

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अयोध्या नगरी अपने आराध्य के आगमन की प्रतीक्षा में है। 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से नगरी में उमंग और उत्सव का माहौल है। चौराहों–दीवारों को मनोभावन बनाने के लिए इन पर देवी–देवताओं की आकृतियां उकेरी जा रही हैं। मंदिर बनाते समय इसकी वास्तुकला से लेकर सुरक्षा जैसे सभी अहम पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया है। मंदिर का डिजाइन सोमपुरा परिवार ने तैयार किया है, जिसकी पीढ़ियां ऐसे कामों के लिए भारत समेत दुनियाभर में मशहूर हैं। आइये जानते हैं सोमपुरा परिवार के बारे में...

5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर की आधारशिला रखी गई थी। भूमि–पूजन के साथ ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर के पहले चरण का आधिकारिक तौर पर निर्माण शुरू हुआ। 18,000 करोड़ रुपये में बनने वाले राम मंदिर के लिए डिजाइन गुजरात से आने वाले सोमपुरा परिवार ने तैयार किया।

इस परिवार का ताल्लुक भावनगर के पलिताना शहर से है। परिवार के 77 वर्षीय सदस्य चंद्रकांत सोमपुरा ने डिजाइन के काम को अंजाम दिया है। परिवार के लिए



## पेंसिल स्केच से शुरू किया काम

सोमनाथ मंदिर उनके दिल के सबसे करीब है। सोमपुरा परिवार का मानना है कि उनके पूर्वजों को मंदिर निर्माण की कला स्वयं भगवान विश्वकर्मा ने सिखाई थी। सोमपुरा खुद को 'चंद्रमा के निवासी' मानते हैं।सोमपुरा कहते हैं कि वो वास्तुकला के किसी भी औपचारिक स्कूल में नहीं गए। उन्होंने इसे अपने दादा और पिता और शास्त्रों से सीखा है। हालांकि, उनके बेटे और अन्य जो मंदिर परियोजना में शामिल हुए वो प्रशिक्षित इंजीनियर या वास्तुकार हैं।

अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर का डिजाइन जिसने तैयार किया है, उन्हें इस काम में महारत हासिल है। अपने इस काम के बूते उन्होंने न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी खूब नाम कमाया है। सोमपुरा परिवार के डिजाइन बनाने की एक और खास बात है।

यह नागर शैली के मंदिरों की डिजाइन वास्तुकला के हिसाब से बनाते हैं। गुजरात के इस सोमपुरा परिवार ने अयोध्या से पहले भी कई बड़े मंदिरों के डिजाइन तैयार किए हैं। इनमें गुजरात का सोमनाथ मंदिर, अक्षरधाम और अंबाजी मंदिर शामिल है। इसके अलावा लंदन के स्वामीनारायण मंदिर का डिजाइन भी इसी परिवार देन है।

## दुर्घटना में परिवार ने खोया अपना सदस्य

चंद्रकांत के पिता प्रभाशंकर ने 1951 में गुजरात में सोमनाथ मंदिर का डिजाइन तैयार किया था। प्रभाशंकर को बाद में पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया था। प्रभाशंकर ने 51 वर्षीय बेटे बलवंतराय को एक दुर्घटना में खो दिया, जब वह बद्रीनाथ मंदिर के नवीकरण परियोजना से लौट रहे थे। चंद्रकांत के बेटे आशीष को राम मंदिर परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी मिली थी।

## 34 साल पहले पेंसिल स्केच से शुरू किया था मंदिर का काम

सोमपुरा परिवार करीब 34 साल पहले ही राम जन्मभूमि से जुड़ गया था, जिसके पीछे एक दिलचस्प वाकया है। दरअसल, उद्योगपति घनश्यामदास बिड़ला ने चंद्रकांत सोमपुरा से पूछा था कि क्या वह राम मंदिर परियोजना को अपनाएंगे और जब उन्होंने सहमति दी तो उन्हें विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल से मिलवाया। सोमपुरा ने तब कई बिड़ला मंदिरों पर काम किया था।चंद्रकांत सोमपुरा ने अयोध्या में अशोक सिंघल से मुलाकात के बाद ही राम मंदिर पर काम शुरू किया। उस समय जब सोमपुरा पहली बार राम जन्मभूमि स्थान पर गर्भगृह के अंदर गए और उसे अपने कदमों से मापा, क्योंकि उन्हें कोई भी उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं थी।

## दुनिया भर में भारत की भावना का प्रतीक हैं प्रवासी : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) पर 32 मिलियन से अधिक मजबूत भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे विश्व में विश्व, एकता और विविधता की भारत की भावना को बढ़ावा देने व उसको मूर्त रूप देने के लिए उनकी सराहना की।

हर साल 9 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन राष्ट्र के लिए प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करता है, और 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत में महात्मा गांधी की वापसी की याद भी दिलाता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,प्रवासी भारतीय दिवस पर शुभकामनाएं। यह दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। वे दुनिया भर में एकता और विविधता की भारत की भावना का प्रतीक हैं। इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा, प्रवासी भारतीय दिवस पर, दुनिया भर में फैले भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं। हमें आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। आपका उत्कृष्ट योगदान भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अब तक, विदेश मंत्रालय ने 17 पीबीडी सम्मेलन आयोजित किए हैं, जो प्रवासी भारतीयों के साथ जुडने और प्रवासी भारतीयों को एक–दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। यह कार्यक्रम, जो 2015 से हर दो साल में मनाया जाता है, पहली बार 2003 में भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा पेश किया गया था। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर, हम विदेशों में भारत के राजदूत होने के लिए अपने प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद देते हैं और राष्ट्र में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करते हैं।

## बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत को इजरायली प्रतिनिधिमंडल काहिरा में

**तेल अवीव ,एजेंसी ।** गाजा में हमास की कैद में बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत को इजरायली प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंच गया है।

इजरायली सरकार के सूत्रों ने बताया कि मिस्र की राजधानी में प्रतिनिधिमंडल का आगमन यहूदी राष्ट्र के पारंपरिक सहयोगियों अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी द्वारा क्षेत्र में चल रहे युद्ध को समाप्त करने के बढ़ते दबाव के बीच हुआ।

इजराइल के भीतर भी बंधकों की रिहाई की मांग दिन पर दिन तेज होती जा रही है।

एक सप्ताह पहले बेरूत में हमास की राजनीतिक शाखा के उप प्रमुख सालेह अल–अरौरी की हत्या के बाद कतर, मिस्र और अमेरिका के आदेश पर दोनों युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत निलंबित कर दी गई थी।

## जम्मू–कश्मीर में भीषण ठंड और घना कोहरा जारी, रात के तापमान में सुधार

**श्रीनगर ,एजेंसी (एजेंसी)।** कश्मीर में भीषण ठंड और जम्मू में बुधवार को कोहरा जारी रहने से रात के तापमान में सुधार हुआ। न्यूनतम तापमान में सुधार के बावजूद, घाटी में ठंड जारी रही और सुबह जम्मू शहर में घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने कहा कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 2.4 डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में माइनस 4.6 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में माइनस 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## इस देश में कुत्तों का मांस बेचने पर लगी रोक, पकड़े जाने पर होगी दो साल की सजा, नया कानून लागू

**सोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में नए कानून के तहत कुत्तों का वध और उनके मांस की बिक्री पर पाबंदी लगा दी जाएगी। बीबीसी ने मंगलवार को बताया कि सांसदों ने इस व्यवसाय पर बने नए कानून का समर्थन दिया है। इस कानून के तहत कुत्तों को मांस के लिए पालना या उनके मांस को बेचने वालों को अधिकतम दो साल की सजा हो सकती है जबकि उनका वध करने पर तीन साल तक की जेल हो सकती है।



फिलहाल, नए कानून के लागू होने से पहले किसानों और रेस्तरां मालिकों के पास रोजगार तथा आय के वैकल्पिक स्रोत खोजने के लिए तीन साल का समय है।सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस देश में 2023 में कुत्ते के मांस की ब्रिकी के लिए करीब 1,600 रेस्तरां और 1,150 फॉर्म हाउस हैं। अब स्थानीय अधिकारियों को, इन व्यवसायों को पूर्णता बंद कराना होगा। सरकार ने कुत्ते के मांस बेचने वाले व्यवसायियों को समर्थन देने का वादा किया है लेकिन अभी मुआवजे की पेशकश का विवरण तैयार नहीं किया गया है। इस कानून को वर्ष 2027 में लागू किया जाएगा।

## भारत में 2036 तक पड़ेगी 9.3 करोड़ अतिरिक्त घरों की जरूरत: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आबादी बढ़ने के साथ ही घरों की मांग में भी तेजी आएगी और वर्ष 2036 तक आवास की मांग 9.3 करोड़ घरों तक पहुंचने का अनुमान है। क्रेडाई ने लियासेस फोरास के सहयोग से वाराणसी में न्यू इंडिया समिट में जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। इसमें कहा गया है कि मुख्य रूप से मांग में वृद्धि के कारण शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनसंख्या, स्वस्थ मैक्रो–आर्थिक संकेतक और अनुकूल जनसांख्यिकी सहित प्रमुख मापदंडों में आवास आधारित वृद्धि, कई टियर 2 और 3 शहरों के साथ मांग और आपूर्ति दोनों में वृद्धि देखी जा सकती है। उभरते क्षेत्रों में बढ़ती व्यावसायीकरण गतिविधियों के साथ–साथ स्मार्ट शहरों की स्थापना के लिए सरकारी कार्यक्रमों के साथ, यह व्यापक रूप से उम्मीद की जाती है कि रियल एस्टेट विकास की अगली लहर टियर 2 और 3 क्षेत्रों से आएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल 2023 में भारी मात्रा में पंजीकरण हुए और घर खरीदने वालों की रुचि बढ़ी, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर 19,050 से अधिक आरईआरए पंजीकरण भी हुए झ्र जिसमें 45 प्रतिशत परियोजनाएं आवासीय खंड में थीं। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, "तेजी से बढ़ती भारतीय आबादी और अर्थव्यवस्था के परिणामस्वरूप घरों की मांग और आपूर्ति में तेजी आई है, साथ ही घर खरीदारों की क्रय शक्ति में भी सुधार हुआ है और वे बड़े घर खरीदने के लिए प्रेरित हुए हैं। देश अगले 10–15 वर्षों में कई गुना विकसित होने के लिए तैयार है और इसलिए, इस रिपोर्ट के माध्यम से हम टियर 2 और 3कक्षेत्रों के उद्भव और क्षेत्र और अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के साथ एक नई मिसाल कायम करने की ओर देख रहे हैं। ऐसे शहरों में आवास में तेजी आएगी क्योंकि महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम और बढ़ती वाणिज्यिक व्यावसायीकरण गतिविधियां सभी क्षेत्रों में परियोजनाओं की एक मजबूत पाइपलाइन बनाने के लिए सामने आएंगी।"क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ कहा "2023 सभी रियल एस्टेट हितधारकों के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष था और हमें उम्मीद है कि यह मांग 2024 और उसके बाद भी बनी रहेगी। रिपोर्ट उद्योग और अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव पर कुछ महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि साझा करती है जो अधिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं, साथ ही यह भी प्रकाश डालती है कि रियल एस्टेट गतिविधियों में वृद्धि के बीच टियर 2 और 3 शहरों ने कैसा प्रदर्शन किया है। व्यापक रूप से भारत के 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है, और चूंकि यह दृष्टिकोण बहुत कम समय में वास्तविकता में बदलता दिख रहा है,

## पाकिस्तान के इस नौ नाम वाले आतंकी 'हबीबुल्लाह' ने जम्मू–कश्मीर में रची थी सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू–कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों पर अपना शिकंजा कस दिया है। एनआईए ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'लश्कर–ए–तैयबा' (एलईटी) की एक शाखा से जुड़े तीन लोगों के खिलाफ, जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों पर हमले करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। एनआईए की चार्जशीट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तानी नागरिक हबीबुल्लाह मलिक, जिसके 9 नाम हैं, उसने जम्मू कश्मीर के स्थानीय युवाओं की मदद से अपनी साजिश को आगे बढ़ाने की कोशिश की है। हबीबुल्लाह को साजिद जट्ट, सैफुल्लाह, नूमी, नुमान, लैंगडा, अली साजिद, उस्मान हबीब और शनि आदि नामों से पहचाना जाता है। वह पाकिस्तान के कसूर जिले (पंजाब) का रहने वाला है।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ABSS-SNT-01-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट AMRO, CH, BSC, GMS & HPU | 17748776.00 | 238800.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 2 | ABSS-SNT-02-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट SPN, RMU & HRI | 10938695.00 | 204700.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 3 | ABSS-SNT-03-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट HRW, RK & KTW | 8253359.00 | 165100.00 | | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 4 | ABSS-SNT-04-2023-24 एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन विथ अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट NBD, NGG, SEO, GJL | 10251360.00 | 201300.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 5 | 02-SNT-SIG-FuseChng-23-24 प्रोविजन ऑफ़ आटोमेटिक फ्यूज चेंज ओवर सिस्टम एट 69 स्टेशन ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 16242846.00 | 231200.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |
| 6 | 05RT02-SIG-SNT-MB-2022-23 कॉम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ HBL मेक इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई ओवर मुरादाबाद डिवीज़न फॉर थ्री ईयर | 50268230.00 | 401400.00 | Nil | 05.02.2024 15:00 hrs. |

नोटः– निविदा के पूरा विवरण www.Ireps.gov.In पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना ABSS-SNT-01-02-02-04-02-Fusechng-05RT02-2023-24 दि0 05.01.2024 66/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई–टेंडर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/दिनांक | 255-DRM-MB-23-24 Date: 03.01.2024 | 260-DRM-MB-23-24 Date: 09.01.2024 | 261-DRM-MB-23-24 Date: 09.01.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Housekeeping and maintenance of officer's rest house at Dehradun, Haridwar, Rishikesh and Roorkee udner Sr.DEN-I/MB | TRP(P) = 4.53 (SL- Km 31.4 to Km 35.7 = 4.3 TKM, SL-km 37.878 to km 38.054= 0.176 tkm, SL-km 38.854 to km 38.908= 0.054 tkm, total= 4.53 tkm) & TRR(P)= 2.779 Tkm (DN-Km 26.006 to Km 27=0.994 Tkm, SL-Km 27 to Km 27.43=0.43 Tkm, UP-Km 25.645 to km 27=1.355 TKM, total=2.779 Ktm) of D mark rails in the jurisdiction of ADEN/HW | Laksar Jn. - Dehradun (UP, DN, SL) - CTR(P) of 1.570 Tkms. (SL-from km 27.43 to km 29 = 1.57 Tkm.) under ADEN/HW |
| निविदा का प्रकार | सर्विस | कार्य | कार्य |
| टेंडर क्लोजिंग तिथि/समय | 23.01.2024 16:00 hrs. | 23.01.2024 16:00 hrs. | 23.01.2024 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत | ₹1,24,30,531.76 | ₹54,74,920.58 | ₹63,11,036.84 |
| धरोहर राशि | ₹2,12,200.00 | ₹1,09,500.00 | ₹1,26,200.00 |
| टेंडर फॉर्म की लागत | ₹5,000.00 | NIL | NIL |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 09.01.2024 | 09.01.2024 | 09.01.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 06 माह | 06 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 09.01.2024 91/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईपीएल जैसे डीपीएल में दिव्यांग क्रिकेटर दिखाएंगे अपना हुनर



भोपाल , क्रिकेट के दीवानों के लिए आईपीएल सबसे ज्यादा लुभावना क्रिकेट टूर्नामेंट होता है। इसी तर्ज पर दिव्यांग क्रिकेटरों के लिए तीन दिवसीय दिव्यांग प्रीमियर लीग (डीपीएल) का आयोजन मध्य प्रदेश के सतना जिले के मैहर में होने जा रहा है।

इसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुनर देखने को मिलेगा। सतना के मैहर के उस्ताद अलाउद्दीन स्टेडियम में आठ से 10 जनवरी तक चलने वाले डीपीएल टूर्नामेंट में चार प्रमुख टीमें इंदौर, भोपाल, रीवा और ग्वालियर हैं।

दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन, मध्यप्रदेश और मधुरिमा सेवा संस्कार संस्थान के इस संयुक्त आयोजन में हिस्सा लेने वाली टीमों में देश-विदेश के नामचीन दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी भी हैं। इनमें प्रमुख खिलाड़ी चिराग गांधी, कैलाश प्रसाद, बृजेश द्विवेदी, सूरज मनकेले, जे.पी. सिंह, राजू कर्मकार, माखन सिंह राजपूत, अंकित सिंह बघेल, रामबरन यादव, निखिल मेवाड़ा, सैयद शाह अजीज और नियाज खान हैं।

इस आयोजन की हिस्सेदार और मधुरिमा सेवा संस्कार फाउंडेशन की प्रमुख डॉ. स्वप्ना वर्मा का कहना है कि दिव्यांग वे लोग हैं जिनमें भले ही कुछ शारीरिक कमी हो मगर उनको ईश्वर ने अतिरिक्त शक्ति दी हुई होती है। हर दिव्यांग में यही भाव जगाने के मकसद से डीपीएल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विकलांग की जगह दिव्यांग के प्रयोग का आह्वान करते हुए कहा था, आंखों से तो हमें लगता है कि शायद विकलांग है मगर अनुभव से लगता है कि उनके पास अतिरिक्त शक्ति है।

इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही टीमों में विजेता व उपविजेता के अलावा सभी टीमों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। खिलाड़ियों के अलावा दर्शकों के लिए भी पुरस्कार योजना तय की गई है।

# बोर्ड पर स्कोर पर्याप्त नहीं था लेकिन हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया : हरमनप्रीत



नवी मुंबई , दूसरे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार झेलने के बाद भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने बल्ले से जो स्कोर बनाया वह पर्याप्त नहीं था, लेकिन उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की सराहना की।

डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के गेंदबाजों के आगे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने संघर्ष किया, लेकिन मात्र 131 रन का बचाव करना आसान नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 19वें ओवर में यह लक्ष्य हासिल किया।

मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि स्कोर बोर्ड पर पर्याप्त नहीं था, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। हम इसे 19वें ओवर तक ले गए, यह बड़ी बात है। पहले मैच में हमने मानक स्थापित किए। इन मैचों में हमने अपनी फील्डिंग भी मजबूत की।

हरमनप्रीत ने यह भी उम्मीद जताई कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों से युवाओं को बेहतर प्रदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा, हमें मौके मिल रहे थे, हम विकेट ले रहे थे और यह अच्छी बात है। हालांकि स्कोर कम होने की वजह से हम जीत नहीं पाए। एलिस पैरी का यह 300वां अंतर्राष्ट्रीय मैच भी था।

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली श्रृंखला के शुरुआती मैच में हारने के बाद अपनी टीम की जीत से खुश थी और उन्होंने चार ओवरों में 2-27 के स्पैल के लिए तेज गेंदबाज किम गर्थ की सराहना की। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज का निर्णायक मुकाबाल मंगवलार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।

# मोहाली में भारतीय टीम का बेमिसाल रिकॉर्ड देख टेंशन में होगा विरोधी खेमा!



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका की धरती पर टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी करने के बाद भारतीय टीम की निगाहें अफगानिस्तान से भिड़ने को तैयार है। तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला 11 जनवरी को मोहाली में खेला जाना है। टी20 टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली की लगभग डेढ़ साल बाद वापसी हुई है। ऐसे में हर किसी की निगाहें इन दोनों बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर रहेंगी। ऐसे में मोहाली में भारतीय टीम का टी20 रिकॉर्ड कैसा है। आइए जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए। दरअसल, मोहाली के आईएस बिंद्रा क्रिकेट मैदान पर टीम इंडिया (ळीं कर्ल्ल) का टी20 रिकॉर्ड शानदार है। इस मैदान पर अभी तक कुल 6 टी20 मैच खेले जा चुके हैं, जिनमें से 4 मैच भारत ने खेले है। इस मैदान पर भारतीय टीम ने सबसे पहले साल 2009 में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया था।

इसके बाद भारत ने दूसरा टी20 मैच में 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, जिसमें कंगारू टीम को 6 विकेट से हार मिली थी। तीसरे टी20 मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से धूल चटाई थी। इसके अलावा भारत ने चौथा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, जिसमें भारत को 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में कुल 4 टी20 मैच खेलते हुए भारत को इस मैदान पर 3 जीत हासिल हुई है।

टीम इंडियाः रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल/शुभमन गिल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव/ रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह।

# भारत बनाम साउथ अफ्रीका टेस्ट के बाद आईसीसी का बड़ा एक्शन



नई दिल्ली। आईसीसी ने भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच केपटाउन टेस्ट की पिच को लेकर एक बड़ा एक्शन लिया है। आईसीसी केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान में खेले गए मैच की पिच से असंतुष्ट है। इस मैच की पिच को आईसीसी ने अनसेटिस्फाइड रेटिंग दी है। बता दें कि टीम इंडिया ने इस मैच में 7 विकेट से बाजी मारी थी, लेकिन ये मैच दो दिन के अंदर ही समाप्त हो गया था। यह इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट मैच था, जो दो दिन के अंदर ही खत्म हो गया था। मैच में केवल 107 ओवर यानी 642 गेंदें फेंकी गई थी।

दरअसल, आईसीसी ने केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में खेले गए मैच की पिच से नाराजगी दिखाई। वह न्यूलैंड्स की पिच से असंतुष्ट है। आईसीसी पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के तहत फैसला लेते हुए इस मैच की पिच को अनसेटिस्फाइड रेटिंग दी।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच केपटाउन में न्यूलैंड्स पर खेला गया टेस्ट मैच पूरे दो दिन भी नहीं चल पाया था। इस मैच के पहले ही दिन 23 विकेट गिर गए थे, जिसके बाद पिच को लेकर जमकर आलोचना हो रही थी।

बता दें कि आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें मैच अधिकारियों की चिंता व्यक्त की गई और केपटाउन में न्यूलैंड्स पिच को अनसेटिस्फाइड माना गया। ब्रॉड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि न्यूलैंड्स की पिच पर बल्लेबाजी करना काफी ज्यादा मुश्किल था। पूरे मैच के दौरान गेंद तेजी से और कभी-कभी खतरनाक तरीके से उछली थी, जिससे शॉट खेलना मुश्किल हो गया था।

कई बल्लेबाजों के दस्तानों पर गेंद लगी और अजीब उछाल के कारण कई विकेट गिरे।

# आईपीएल की इन तीन टीमों के लिए आई बड़ी खुशखबरी, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को मिली अफगानिस्तान बोर्ड से बड़ी राहत



नई दिल्ली। मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बड़ी राहत मिली है। इन तीनों ही खिलाड़ियों पर लगाई गई पाबंदी पर बोर्ड ने नरमी बरती है। मुजीब, फारूकी और नवीन को अफगानिस्तान ने सेंट्रल कॉन्टैक्ट में भी शामिल कर लिया है। इसके साथ ही बोर्ड ने तीनों ही प्लेयर्स को विदेशी लीग में खेलने की परमिशन भी दे दी है।

**मुजीब-फारूकी और नवीन को मिली बड़ी राहत**

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी और नवीन उल हक को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल कर लिया है। हालांकि, बोर्ड ने इन तीनों ही खिलाड़ियों को चेतावनी भी दी है कि वह देश की ओर से क्रिकेट खेलने के लिए पूरी प्रतिबद्धता दिखाएं।

बता दें कि इन तीनों ही प्लेयर्स ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद अफगानिस्तान बोर्ड ने नेशनल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा में देरी करने के साथ-साथ इन तीनों को दो साल के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट देने से मना कर दिया था।

**मुजीब को बीच में छोड़ना पड़ा था बिग बैश लीग**

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से एनओसी नहीं मिलने की वजह से मुजीब उर रहमान को बिग बैश लीग टूर्नामेंट को बीच में छोड़कर वापस लौटना पड़ा था। यूएई के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में भी मुजीब को टीम में शामिल नहीं किया गया था। हालांकि, भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए मुजीब को टीम में जगह दी गई है।

मुजीब, फारूकी और नवीन को एनओसी नहीं मिलने की वजह से आईपीएल की तीन टीमों की नींद उड़ी हुई थी।

बता दें कि आईपीएल 2024 में मुजीब उर रहमान कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। वहीं, फजलहक फारूकी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए दिखाई देंगे। नवीन उल हक लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से रंग जमाते हुए नजर आएंगे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com